एक नजर में

चायना डोर एवं नायलॉन डोर का विक्रय तथा उपयोग प्रतिबंधित,कलेक्टर के आदेश

रतलाम। आगामी दिवस में आने वाले रक्षाबंधन त्यौहार तथा अन्य सामान्य दिवसों में भी जनसामान्य द्वारा पतंग उड़ाने का कार्य किया जाता है। यह संज्ञान में आया कि पतंग व मांझा विक्रेताओं द्वारा चायना डोर (मांझा) तथा नायलॉन डोर (मांझा) का विक्रय किया जाता है और इसका उपयोग पतंगबाज द्वारा पतंग उड़ाने के दौरान तथा पतंग काटने पर उसका धागा आम रास्ते पर तथा खेल/क्रीडा मैदान में पेड़ों अथवा मकानों पर उलझकर लटकता रहता है जिससे आमजन एवं खुले आसमान में विचरण करने वाले पक्षियों के उस मार्ग पर गुजरने के दौरान मांझा उनके गर्दन व अन्य शारीरिक भाग पर उलझने के कारण जख्मी होने के साथ-साथ जान का जोखिम उत्पन्न होकर वाहन दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। जिले के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत विगत् दिनों में निरंतर इस प्रकार की घटनाओं की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुई है। जिले में लोक प्रशांति कायम रखने हेतु कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने किसी अप्रिय स्थिति तथा जन-धन की हानि की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले की सीमा क्षेत्र में पूर्णस्वरूप चायना डोर (मांझा) एवं नायलॉन डोर (मांझा) का विक्रय तथा उपयोग पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेश बाथम द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध का दोषी होकर उसे विधि के प्रावधानों के तहत् अभियोजित कि जाएगा।

आकांक्षा हाट के लिए समिति गठित

रतलाम। आकांक्षी विकासखण्ड योजना (एबीपी) के अंतर्गत '' सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह'' एवं ''आकांक्षा हाट'' का आयोजन 15 अगस्त 2025 से 22 अगस्त 2025 के मध्य किया जाना है। कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा उक्त कार्यक्रम हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सैलाना-अध्यक्ष, जिला योजना अधिकारी रतलाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रतलाम, उपसंचालक कृषि रतलाम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाजना,एवं जिला परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन रतलाम को समिति में सदस्य बनाया गया है

दया,अहिंसा-परमार्थ को अपनाएं :डॉ संयमलता मसा

रतलाम। नीमचौक श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ संयमलताजी मसा,डॉ अमितप्रज्ञाजी मसा,डॉ कमलप्रज्ञाजी मसा,सौरभप्रज्ञाजी मसा आदि ठाणा 4 के सानिध्य में मरुधर केसरी मिश्रीमलजी मसा एवं मेवाड़ भूषण प्रतापमलजी मसा की पुण्यतिथि के निमित्त गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी संयमलता ने मरुधर केसरी मिश्रीमलजी मसा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की दया अहिंसा और परमार्थ के कार्य से देश और समाज की दशा सुधारी थी। वे एक वटवृक्ष थे जिसकी छाया तले लाखों दुखी प्राणियों को शांति मिलती थी। वह एक सुंदर गुलाब थे जिसकी विद्यमानता ही गुलशन को महका देती थी। प्रतापमलजी की जीवनी पर बखान करते हुए कहा कि वे आत्मबल और मनोबल के धनी थे। जो भी उनके चरणों में आता अपने दुख, कलेश व परेशानियां उनकी झोली में डाल देता और बदले में सुख शांति और प्रसन्नता लेकर लौटता। आप एक ऐसे कुशल व्यक्ति थे जो भंवर में फंसी किश्ती को बड़ी आसानी से बाहर ले आते थे। आपकी एक नजर लोगों को निहाल और मालामाल बना देती थी। आपकी साधना में विकारों का बहिष्कार था, विचारों का परिष्कार था, एवं आत्मा का साक्षात्कार था। महासती कमलप्रज्ञा ने कहा भाग्य और पुरुषार्थ जीवन के वह दो पहलू है जिससे हर व्यक्ति का जीवन बंधा हुआ है। हर आदमी को अपने जीवन में वही मिलता है जो उसके भाग्य में लिखा है, परंतु मिलता पुरुषार्थ से हैं। आदमी वही पाएगा जो उसके नसीब में है, पर मेहनत से। भाग्य के भरोसे रहकर और पुरुषार्थ छोड़कर निठल्ले बैठने से कुछ हासिल नहीं होता।

तेजाजी मंदिर डोंगरे में पौधा रोपण

रतलाम। जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरे नगर द्वारा तेजाजी महाराज मंदिर डोंगरे नगर प्रांगण में आम और आंवले के पौधे लगाए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेंद्र नागर, सचिव काजल टाक, सदस्य सतीश टाक, ज्योति बाला यादव मौजूद रहे।

80 फीट 4 लेन दूधिया रोशनी से जगमगाया

रतलाम। दो वर्षो के कार्यकाल में विकास के साथ-साथ रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु स्वच्छता के क्षेत्र में ओर अधिक कार्य किया जायेगा। इस कार्य में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उक्त विचार महापौर प्रहलाद पटेल ने 80 फीट 4 लेन की सेंटर लाईट के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान निगम परिषद ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में 350 करोड़ के नगर में विकास कार्य करवाकर इतिहास रचा है, मैं आज निगम परिषद के तीन वर्ष का सफलतम् कार्यकाल पूर्ण होने पर महापौर प्रहलाद पटेल, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद बधाई देता हूँ। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश व प्रदेश के साथ-साथ रतलाम नगर भी तेजी से विकास कर रहा है, महापौर प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में 3 वर्षो के कार्यकाल में नगर के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं ओर आगे भी चलते रहेंगे। उद्बोधन पश्चात् महापौर प्रहलाद पटेल ने बटन दबाकर 80 फीट फोरलेन सेंटर लाईट का शुभारंभ किया। निगम परिषद के 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुखर्जी मंडल द्वारा महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती अनिता कटारा, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, रामुभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद हितेश कामरेड, रणजीत टांक, परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, बलराम भट्ट, करण कैथवास, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती शबाना, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती मनीषा चौहान आदि का सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, देवशंकर पाण्डे, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, शेरू पठान, विजयसिंह चौहान, रमेशचन्द्र पांचाल, राजेश माहेश्वरी, जयेश वसावा के अलावा अनुज शर्मा, धर्मेन्द्रसिंह, विवेक शर्मा, दीपक पुरोहित सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

त्योहारों पर पुलिस सतर्क, एसपी सहित अधिकारी सड़कों पर उतरे

नवभारत न्यूज

रतलाम। त्योहारों को लेकर पुलिस सतर्क हैं। एसपी के निर्देश पर विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान को लेकर एसपी

त्योहार के दृष्टिगत रतलाम पुलिस का व्यापक निगरानी अभियान

शुक्रवार को अधिकारियों सहित सड़क पर उतरे और व्यवस्थाओं को जायजा लिया।

आगामी त्योहारों रक्षाबंधन, विश्व आदिवासी दिवस, स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में रतलाम पुलिस ने जिलेभर में व्यापक गश्ती, निगरानी एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से पुलिस द्वारा रतलाम शहर सहित जिले के सभी थाना

क्षेत्रों के संवेदनशील एवं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य बाजार में विशेष चेकिंग एवं सक्रियता बनाए रखने तथा होटल, लाज, धर्मशालाओं की चेकिंग करने एवं रात्रि में विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा दलबल के साथ शहर के मुख्य मार्गों एवं मुख्य बाजार में व्यवस्थाओं के जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

विश्व आदिवासी दिवस पर निकलने वाली रैली के सुचारू एवं शांति पूर्वक संपन्न करवाए जाने हेतु यातायात व्यस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रक्षाबंधन के दृष्टिगत बाजार में आने वाले नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए । साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नागरिकों के बीच सुरक्षा और भरोसे का वातावरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

होटलों से लेकर सड़कों तक गिनरानी

एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम विशेष अभियान के तहत होटलों से लेकर सड़कों तक निगरानी कर रही हैं। टीम होटल, लॉज, धर्मशालाओ की गहन जांच कर आगंतुकों की आईडी सत्यापन, रजिस्टर रिकॉर्ड का अवलोकन और स्टाफ से पूछताछ की जा रही हैं। वहीं अनावश्यक जमावड़ों की पहचान और विधिवत निष्कासन, शांति भंग करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रात्रि में विशेष गश्त- रात्रि 10 बजे से 2 बजे तक प्रतिदिन विशेष गश्त एवं चेकिंग पॉइंट्स लगाए गए है। अतिरिक्त मोटरसाइकिल पार्टी एवं मोबाइल वाहन द्वारा गश्त की जा रही है।

सुरक्षा के लिए चेकिंग और बाजार में पैदल गश्त

पुलिस की टीम द्वारा यातायात और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की जा रही हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाएगी। अस्थायी व प्रवासी निवासियों की पहचान-पत्र जांच साथ ही फेरीवालों, मजदूरों और अन्य बाहरी नागरिकों का वैध दस्तावेजों के साथ सत्यापन किया जा रहा हैं। शराब दुकानों व संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही हैं।

स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का महापौर ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

रतलाम। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 8 से 15 अगस्त तक चलाये जा रहे 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम

नगर निगम कार्यालय भवन व परिसर में लगाये तिरंगे झण्डे

आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद, निगम अधिकारी व कर्मचारियों के साथ नगर निगम कार्यालय भवन व परिसर में तिरंगे झण्डे देशभक्ति नारो के साथ लगाये। इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, पार्षद परमानन्द योगी, रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती हीना मेहता, श्रीमती प्रीति कसेरा, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, हार्दिक मेहता, संजय कसेरा, शेरू पठान, जलज सांकला, राजेश माहेश्वरी, विजयसिंह चौहान, रमेश पांचाल, उपायुक्त करूणेश डण्डोतिया, निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर देश भक्ति के नारे लगाते निकले।

आज मदिरा दुकान बंद रहेगी

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजेश बाथम द्वारा आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा(1) मैं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं प्रशासकीय लोकहीत में 9 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस पर निम्न दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। विश्व आदिवासी दिवस पर दुकान 5 बजे तक के लिए बंद रखी जाना है ।



भगवान भोलेनाथ का किय नोटों से श्रृंगार

रतलाम। श्री माहेश्वरी समाज,राम बाग हनुमान मंदिर परिसर में स्थित श्री चमत्कारी महादेव मंदिर पर आठवें वर्ष पवित्र श्रावण मास में भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक की पूर्णाहुति पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन शनिवार को होगी। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा एवं सचिव नरेंद्र बाहेती ने बताया कि माहेश्वरी समाज राम बाग हनुमान मंदिर समिति द्वारा लगातार 30 दिन श्रावण मास में समाज के करीब 30 परिवारों ने भगवान के अभिषेक का लाभ लिया। श्रावण के प्रति सोमवार को महादेव जी का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसे नगर के हजारों भक्त जनो ने निहारते हुए दर्शन लाभ लिया। इसी प्रकार श्री माहेश्वरी समाज रामोला मंदिर राम मोहल्ला में भी पूरे श्रावण मास में समाज बंधुओं ने प्रतिदिन सायंकाल को भगवान भोले नाथ का अभिषेक किया। अभिषेक की व्यवस्था में समिति के डॉ.बी.एल तापड़िया, आदित्य डागा,गुंजन बाहेती, अभिषेक धूत, विनोद तोषनीवाल,सोनू गिलड़ा,रितेश नीतू परवाल,आशीष मूंदड़ा, पंकज जया गगरानी,अभिषेक भंसाली,राजेश मंडोवरा,जयेश मंत्री आदि का विशेष सहयोग रहा।

गौ-माता को 1 क्विंटल लापसी का भोग लगाकर मनाया जन्मदिन

रतलाम। शहर के समाजसेवी का 66 वां जन्मदिन सेवा गतिविधियां आयोजित कर मनाया गया।

विभिन्न स्थानों पर किया पौधोरोपण किया

शांतिलाल शर्मा का शुक्रवार को 66 वां जन्मदिन शर्मा मित्रमंडल एवं समाजजनों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान विभिन्न सेवा गतिवधियां की गई। इसमें शहर की श्री गोपाल गौशाला पर पहुंचकर 1 क्विंटन लापसी का भोग गौ माता को लगाया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। श्री शर्मा मित्र मंडल एवं समाजजनों ने शांतिलाल शर्मा का माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर सम्मान भी किया। इस दौरान श्री सज्जन छात्रावास के अध्यक्ष राजेश दवे, सनातम ग्रुप के अध्यक्ष अनिल पुरोहित, रंगकर्मी कैलाश व्यास, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नरेन्द्र जोशी,गुर्जर गौड बाह्मण सभा अध्यक्ष राजेश तिवारी, नवभारत ब्यूरो प्रमुख संजय उपाध्यक्ष, ब्राह्मण सभा महिला अध्यक्ष सुनीता पाठक, युवा शक्ति अध्यक्ष नवदित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया। आभार शैलेन्द तिवारी ने माना।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विद्यार्थियों का किया नेत्र परीक्षण

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा कला और स्वास्थ्य केंद्र कराडीया ब्लॉक आलोट में स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र चिकित्सा सहायक अरुण भार्गव द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। इसी प्रकार शिवपुर में आनंदीलाल पाटीदार नेत्र चिकित्सा सहायक द्वारा परीक्षण किया गया।

रात्रि में पुलिस को मिली सूचना पर तुरंत एक्शन, परिवार को छोड़ घर तक

रतलाम। पुलिस रात में भी सक्रिय हैं। रात में राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम पर मिली सूचना को जिले की पुलिस को दी गई। रतलाम के थाना सैलाना क्षेत्र में पिपलोद रोड पर पेट्रोल पंप के पास दम्पति को घर पहुंचने का कोई साधन नहीं मिल रहा है,पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में गुरूवार-शुक्रवार रात्रि 2 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल ताल सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मनीष खराड़ी एवं पायलेट अनवर ने मौके पर पहुँचकर बताया कि दम्पति उदयपुर में काम करते है त्यौहार मानने घर लौटे थे। देर रात होने से घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिल रहा था डायल-112/100 जवानों ने दम्पति को एफआरव्ही वाहन से लेकर उनके चाहे अनुसार गाँव थोरनाका छोड़ा।

मावा, मिठाई एवं नमकीन निर्माता एवं विक्रेता के यहां नापतोल की जांच

नवभारत न्यूज

रतलाम। रक्षाबंधन त्यौहार पर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने हेतु नाप-तौल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच की गई।

कलेक्टर राजेश बाथम के मागदर्शन में रक्षाबंधन त्यौहार पर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में भारत भूषण निरीक्षक नाप-तौल रतलाम द्वारा रतलाम शहर में स्थित मावा, मिठाई एवं नमकीन निर्माता एवं विक्रेता संस्थानों पर नाप-तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें संस्थानों पर नाप-तौल विभाग के अधिनियम और नियमों के उल्लंघन एवं दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जैन मिठाई वाला महू रोड़, जनता सेव भण्डार न्यू क्लॉथ मार्केट, सागर नमकीन लौहार रोड़, पटरावाला नमकीन महर्षी दयानन्द मार्ग, न्यू योगेश स्वीटस् कोनर्स सैलाना बस स्टेण्ड, जे एम डी स्वीटस् एण्ड नमकीन, निराला नगर रतलाम पर पैकेज बंद वस्तुएं, इलेक्ट्रोनिक्स तौल कांटा, मेकेनिकल तौल कांटा और लौहा बांट जप्ती किए गए है। भारत भूषण निरीक्षक नाप-तौल रतलाम ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उदेश्य से पैकेज बंद वस्तुएं खरीदते समय निमार्ता/पैककर्ता का नाम व पूर्ण पता, वस्तु का नाम, वस्तु की शुद्ध मात्रा, वस्तु का अधिकतम विक्रय मूल्य (सभी करों सहित), यूनिट सेल प्राईज, वस्तु के निर्माण का माह व वर्ष, बेस्ट बीफोर का माह व वर्ष पैकेज बंद वस्तु पर अवश्यक देखने हेतु आग्रह किया।

सैलाना में कार्रवाई आइस क्रीम से लेकर सोनपापड़ी के नमूने लिए

सैलाना। त्यौहार को देखते हुए कलेक्टर के आदेशानुसार में एवं सैलाना एसडीएम मनीष जैन के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावट के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जारी है। शुक्रवार को भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया द्वारा सैलाना के सदर बाजार स्थित विनायक आइस क्रीम से मावा बर्फी, मोदी आइस एंड स्वीट्स से मावा और फैनी, अम्बे श्री फूड से सोनपापड़ी और कैडबरी के नमूने लिए गए। विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण कर सभी दुकान संचालकों को अपने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और गुणवातायुक्त खाद्य पदार्थो का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। लिए गए सभी नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे ।

बार-बार लग रहा जाम, महिलाएं हो रही परेशान

- दिखने लगीं रंग-बिरंगी राखियां-
- लोगों ने की त्यौहार के लिए खरीददारी की शुरूआत-
- भाई-बहन के पवित्र बंधन रक्षाबंधन का पावन त्यौहार आज -

राखियों पर भी मंहगाई की मार-

भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन के नजदीक आते ही जहां लोगों में खुशियां देखने को मिल रही है तथा बाजार भी रंग-बिरंगी राखियों से गुलजार हो रहे है, वहीं इन राखियों पर मंहगाई की मार की झलक आसानी से देखने को मिल रही है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार फिर राखियों के दामों में बढ़ोत्तरी हो गई है, जिससे गरीब तबके के लोगों को परेशानी हो रही है।

जावरा । भाई-बहन के पवित्र बंधन रक्षाबंधन का पावन त्यौहार आज 9 अगस्त शनिवार को है। जिसकी पूर्व तैयारियां नगर में अब दिखने लगी हैं। नगर के बाजारों की दुकानों पर विविध प्रकार की राखियां सज गई है, जिससे बाजार की रौनक बढ़ने लगी है तथा राखियों की खरीद फरोत का दौर भी आरंभ हो गया है। रक्षा बंधन के इस त्यौहार पर बाजार में पड़ने वाली भीड़ से बचने के लिए लोगों ने त्यौहार की खरीददारी शुरू कर दी है तथा बाजार में अच्छी चहल-पहल देखने को मिल रही है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है तथा लोग अपनी जरूरतमंद सामग्री की खरीददारी करने में जुट गए हैं। दुसरी ओर लचर यातायात व्यवस्था के चलते मुख्य मार्गो पर घंटो जाम लगा रहता है। जिसके चलते महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हो रही है।

सज गई राखियों की दुकानें - जहां एक ओर नगर के बाजार में इन दिनों तथा रक्षा बंधन पर्व के पूर्व विविध प्रकार की रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें सजी हुई हैं, तो वहीं दूसरी ओर नगर की हृदय स्थली कहे जाने वाले कोठी बाजार और चौपाटी क्षेत्र जहां अक्सर त्यौहारी दुकानें लगाई जाती है, वहां पर भी त्यौहारी दुकानों के अंतर्गत व्यवस्थित कतारबद्ध राखियों की दुकानें सज गई है और राखियों की खरीद फरोत का दौर आरंभ हो गया है। नगर के बाजार में रंग-बिरंगी राखियों की विविधता, रेश्मी धागे, फैंसी आईटम, चायना की टेडी वियर, राखियों के अलावा बच्चों के आकर्षक खिलौनों की दुकानें भी सजी हुई है, तो वहीं इन सबके साथ ही सफेद तथा रंग बिरंगे आकर्षक रुमालों की बिक्री भी की जा रही है। में कुछ ज्यादा उत्साह नजर नहीं आ रहा है। इस मंहगाई की मार के बावजूद भी भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन के आगमन पर बहनों द्वारा अपने भाईयों की कलाईयां राखी बांधकर रंग बिरंगी की जाएगी। दरअसल जब कभी कोई भी प्रमुख त्यौहार अथवा पर्व पड़ता है, तो नगर के प्रमुख व्यस्ततम मार्ग कोठी बाजार से लेकर बजाज खाना, चुड़ी बाजार, जवाहर पथ, पिपली बाजार की ओर आवागमन बढ़ जाता है, ।

एग्रीमेंट पर लगने वाला शुल्क कम करे : हेमंत श्रीमाल

जावरा । प्रदेश सरकार ने स्टांप एक्ट में शपथ पत्र एग्रीमेंट अन्य दस्तावेजों में लगने वाले स्तंभ पर 300 से 500 गुना तक वृद्धि करने पर संस्था द्वारा इसके कड़े शब्दों में विरोध किया जाता है। यह विरोध जावरा प्रॉपर्टी एसोसिएसन के अध्यक्ष हेमंत श्रीमाल ने करते हुए सरकार से मांग की है कि इस वृद्धि पर पूर्ण विचार करें। हर वर्ष शासन द्वारा गाइडलाइन बढ़ाई जाती है।

न्यायालय तहसीलदार तहसील आलोट जिला रतलाम म.प्र.

क्रमांक/813/री-1/025 आलोट,दिनांक 30-07-2025

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रतलाम तर्फे ग्राम पंचायत थूरिया द्वारा आवेदन मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के तहत तहसील आलोट ग्राम थूरिया प.ह. थूरिया स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 410 रकबा 9.320 हे. नोईयत (का.का.) में से 9.09 हे. भूमि नवीन पंचायत भवन (थूरिया)के निर्माण हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला रतलाम को भूमि हस्तांतरण किये जाने बाबत् अनुरोध किया हैं।

इस संबंध में अगर किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में दिनांक 07-08-2025 तक न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता हैं।

बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनां 30-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
आलोट- जिला रतलाम (म.प्र.)